भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 577
जिसका उत्तर मंगलवार, 25 जून, 2019 को दिया जाना है

उत्कृटता केन्द्र

577. **श्रीमती राम्या हरिदास:**

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश में स्थापित उन्नत विनिर्माण चार उत्कृष्टता केन्द्रों से संबंधित विदेशी एजेंसी द्वारा सराहना सहित कोई समीक्षा की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने देश में, विशेषकर केरल में, ऐसे और अधिक केंद्रों की स्थापना की आवश्यकता महसूस की है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री
(श्री अरविंद गणपत सावंत)

(क) से (घ): उत्कृष्टता केन्द्र (सीओई) ''भारतीय कैपिटल गुड्स क्षेत्र में प्रतिस्पर्धात्मकता की वृद्धि'' योजना के तहत घटकों में एक है। उद्योग/अनुसंधान संस्थानों से परियोजना प्रस्ताव प्राप्त होते हैं। इन परियोजनाओं का राष्ट्रीय कवरेज है तथा इनके राष्ट्रीय लाभ हैं।

संबंधित परियोजनाओं के लिए स्थापित परियोजना समीक्षा एवं निगरानी समिति (पीआरएमसी) द्वारा योजना के तहत चल रही परियोजनाओं की नियमित समीक्षा की जाती है। योजना के तहत जांच समिति और शीर्ष समिति द्वारा भी परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा और निगरानी की जाती है।

*****